जांच | हनुमना सोलर प्लांट प्रकरण में बड़ा खुलासा

ओम एंटरप्राइजेज की भूमिका भी जांच के दायरे में

निलंबित कनिष्ठ अभियंता रंजीत साहू से जुड़ा मामला

सामने आए कई महत्वपूर्ण तथ्य

नवभारत,जबलपुर। हनुमना सोलर प्लांट प्रकरण में बड़ा खुलासा हुआ है। निलंबित कनिष्ठ अभियंता रंजीत साहू से जुड़े मामले में मैसर्स ओम एंटरप्राइजेज की भूमिका भी जांच के दायरे में आ चुकी है। विस्तृत जांच में विभिन्न विद्युत कंपनियों की सामग्री के संभावित उपयोग, वीसीबी की नेम प्लेट पर विवरण मिटाए जाने सहित कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।

विदित हो कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने हनुमना स्थित 2 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र में विद्युत उपकरणों एवं विभिन्न विद्युत कंपनियों की सामग्री के संभावित दुरुपयोग संबंधी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यालय कार्यपालन अभियंता (एस.टी.एम.-एस.टी.सी.), संभाग सीधी में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता रंजीत कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। प्राप्त शिकायत के आधार पर मुख्य अभियंता (प्रवर्तन), रीवा द्वारा गठित जांच समिति ने स्थल निरीक्षण, अभिलेखों के परीक्षण तथा संबंधित अधिकारियों के कथनों के आधार पर विस्तृत जांच की। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित 2 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र के विद्युत संयोजन एवं लाइन विस्तार का कार्य मैसर्स ओम एंटरप्राइजेज, जिसकी प्रोपराइटर ममता कुमारी पत्नी रंजीत कुमार साहू हैं, द्वारा किया गया था। जांच के दौरान स्थापित उपकरणों एवं सामग्री के परीक्षण में कुछ विद्युत उपकरणों पर म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड का नाम अंकित पाया गया, जबकि कंट्रोल केबल पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का उल्लेख पाया गया। इसके अतिरिक्त वीसीबी की नेम प्लेट पर क्रेता संबंधी विवरण मिटा हुआ पाया गया, जिसके संबंध में संबंधित कंपनियों से अभिलेखीय सत्यापन की अनुशंसा की गई है।

निलंबन अवधि में भी दिया जाएगा जीवन निर्वाह भत्ता

जांच समिति ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया रंजीत कुमार साहू की संभावित संलिप्तता का उल्लेख किया, जिसके आधार पर कंपनी प्रबंधन ने उनके विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अधीक्षण अभियंता (संचालन/संधारण) वृत्त, उमरिया निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने स्पष्ट किया है कि कंपनी की सामग्री, संसाधनों एवं परिसंपत्तियों के संभावित दुरुपयोग अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता के मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई है। जांच में सामने आए सभी तथ्यों का संबंधित कंपनियों से अभिलेखीय सत्यापन कराया जा रहा है और अंतिम निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गड्ढे में गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

नवभारत, जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत बुढ़ागर में रविवार सुबह सड़क निर्माण प्लांट द्वारा रोड किनारे खोदे गए एक अनियंत्रित गड्ढे में गिरने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पनागर के ग्राम नरगवां निवासी गुड्डा कोल (53) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका 30 वर्षीय बेटा सोनेलाल कोल रविवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 के एच 1235 से काम करने के लिए बुढ़ागर गया हुआ था। सुबह करीब 9:30 बजे गोसलपुर पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि बुढ़ागर में रोड बनाने वाले प्लांट द्वारा सड़क किनारे एक बड़ा गड्ढा खोदा गया था। सोनेलाल की बाइक अनियंत्रित होकर उसी गड्ढे में जा गिरी। जब पिता और अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो सोनेलाल और उसकी मोटरसाइकिल गड्ढे में ही पड़े थे। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण सोनेलाल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर

आधी रात को घर पर फेंके चार बम, बुजुर्ग घायल

दोस्ती से दुश्मनी, गोलीबारी का लिया बदला

हमले में घर की खिड़की और दरवाजों के कांच चकनाचूर

पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नवभारत, नवभारत, जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 8 जैन मंदिर के पास में बीती रात दो बाइकों पर सवार होकर आए पांच बदमाशों ने एक घर पर एक के बाद एक चार बम फेंके। इस हमले में घर की खिड़की और दरवाजों के कांच चकनाचूर हो गए, जबकि खिड़की के पास बुजुर्ग महिला घायल हो गईं। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह के मुताबिक, वार्ड नंबर 8 निवासी पवन चक्रवर्ती और विशाल सोनकर के बीच पहले गहरी दोस्ती थी। किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ, जो समय के साथ गहरी दुश्मनी में बदल गया। इसी रंजिश के चलते जनवरी माह में पवन और उसके साथियों ने विशाल सोनकर पर जानलेवा हमला करते हुए गोली चलाई थी। इसकी एफआईआर भी दर्ज हुई थी। विशाल उसी गोलीबारी का बदला लेने की फिराक में था।

जनवरी के हमले का बदला लेने के लिए विशाल सोनकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची। पवन चक्रवर्ती, मां सरोज बाई चक्रवर्ती एवं पूरे परिवार समेत बीती सो रहा था। रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच, विशाल सोनकर, अमन सोनकर, प्रदीप सोनकर, सहिल सोनकर, अज्जू सोनकर, हिमांशु सोनकर दो बाइकों पर सवार होकर पवन चक्रवर्ती के घर पहुंचे। आरोपियों ने पवन के घर को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ चार देशी बमों से हमला कर दिया। धमाके इतने जोरदार थे कि पवन के घर की खिड़कियों और दरवाजों के कांच टूटकर बिखर गए। इस हमले में पवन की मां सरोज चक्रवर्ती कांच के टुकड़े लगने और बम के छर्रों के कारण घायल हो गईं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने शिकायत पर मुख्य आरोपी विशाल सोनकर और उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

कार शोरूम का कटर से काटा ताला, 3 .81 लाख कैश चोरी

सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बीच चोरी, प्रकरण दर्ज

नवभारत, जबलपुर । तिलवारा स्थित किया कार शोरूम में कटर से ताला और जंजीर काटकर 3.81 लाख की चोरी कर ली गई। दो-दो सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद शातिर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक न्यू शास्त्रीनगर निवासी सचिन तिवारी (44), खटवानी सेल्स एण्ड सर्विसेस एलएलपी किया शोरूम में एच.आर. मैनेजर हैं। किया कार शोरूम, तिलवारा में स्थित है। बीती रात करीब 8:30 बजे वह पूरे स्टाफ के साथ शोरूम लॉक करके घर चले गए थे। अगले सुबह लगभग 11 बजे शोरूम के अकाउंटेंट आदर्श श्रीवास्तव और आरती प्रजापति ने उन्हें फोन कर बताया कि शोरूम के मुख्य गेट पर लगा ताला और लोहे की जंजीर टूटी हुई है। जब स्टाफ ने अंदर जाकर देखा, तो कैश काउंटर की तिजोरी साफ थी और उसमें रखे 3 लाख 81 हजार रुपये नदारद थे। इस चोरी ने शोरूम की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। रात 9 बजे से सुबह तक शोरूम की रखवाली के लिए दो गार्ड सुजीत राजपूत और गोपी विश्वकर्मा तैनात रहते हैं। पुलिस अब इन दोनों गार्ड्स से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि उनकी मौजूदगी में इतनी बड़ी वारदात कैसे हो गई। पुलिस टीम शोरूम के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि चोरों के हुलिए और रूट का पता लगाया जा सके।

दरोगाघाट में डूबा किशोर

नवभारत, जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत दरोगाघाट पर नहाने गए 17 वर्षीय एक किशोर की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गढ़ा के गंगा नवनिवेश कॉलोनी का रहने वाला आयुष ठाकुर (17) रविवार को ग्वारीघाट स्थित दरोगाघाट गया हुआ था। सुबह लगभग 11:45 बजे नहाते समय अचानक आयुष का पैर फिसल गया वह गहरे पानी की ओर चला गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, वह पानी के तेज बहाव और गहराई में समा गया। आयुष को डूबता देख वहाँ मौजूद पलक सिंह ठाकुर और विशाल ठाकुर ने बिना वक्त गंवाए आयुष को इलाज के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज लेकर भागे लेकिन मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने आयुष का परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

धर्म छुपाकर युवती की आबरू लूटने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

मदनमहल थाने में जीरो पर कायमी, विजय नगर थाने में असल एफआईआर दर्ज

जबलपुर। खुद को राजकुमार बताकर युवती से दोस्ती कर डॉक्टर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। धर्म छुपाकर अस्मत लूटने वाले सैय्यद इसाक के खिलाफ रविवार को असल एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की शिकायत मदन महल थाने में हुई थी । पुलिस ने जीरो पर एफआईआर दर्ज की गई थी। चूंकि घटना स्थल विजय नगर थाना क्षेत्र का है, इसलिए डायरी मिलने के बाद रविवार को विजय नगर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में असल कायम दर्ज की। साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा ।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता मदन महल क्षेत्र के एक डेंटल क्लीनिक में बतौर असिस्टेंट काम करती है। करीब 8-9 महीने पहले उसी क्लीनिक में आरोपी डॉक्टर की नौकरी लगी। काम के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोपी ने युवती को अपना नाम राजकुमार बताया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया। 19 अप्रैल 2026 को वह पीड़िता को विजय नगर स्थित एक किराए के मकान में ले गया, जहाँ उसने शादी का वादा कर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता जब भी शादी के लिए कहती, आरोपी जल्द शादी करने का बहाना बनाकर बात टाल देता और उसे हैदराबाद चलने के लिए कहता रहा। लगातार मिल रहे धोखे के बाद जब जांच में आरोपी की असली पहचान उजागर हुई। आरोपी का असली नाम सैय्यद इसाक असरार निवासी अग्रसेन मण्डपम के पीछे, विजय नगर के रूप में हुई। पीड़िता को यह भी पता चला कि आरोपी पहले से ही शादीशुदा है। सच सामने आने पर जब पीड़िता ने आपत्ति जताई, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। मामले में विहिप ने जमकर हंगामा किया था । जिसके बाद मामले की शिकायत मदनमहल थाने में की गई थी ।

इंद्रपुरी कॉलोनी में महिला को डरा धमकाकर 2 .41 लाख रूपये हड़पे

नवभारत, जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत इंद्रपुरी कॉलोनी में एक महिला को ऑनलाइन डर और धमकी के जाल में फंसाकर साइबर ठग ने 2.41 लाख हड़प लिए। जानकारी के मुताबिक, उर्वशी वाघमारे (41) निवासी टेगोर नगर, इंद्रपुरी कॉलोनी, ग्वारीघाट को अज्ञात ठगों ने ऑनलाइन माध्यम से निशाना बनाया। ठग ने महिला को गंभीर चोट पहुँचाने और कानूनी कार्रवाई का झूठा डर दिखाकर मानसिक दबाव में ले लिया। इस डिजिटल डर का फायदा उठाकर जालसाजों ने महिला को धोखे में रखा और उसके खाते से 2,41,406 की रकम उड़ा ली।

मुनाफे का लालच देकर 1 .95 लाख की ठगी

तिलवारा थाना अंतर्गत काल भैरव मंदिर बाजनामठ निवासी युवती को मुनाफे का लालच देकर साइबर ठग ने 1 लाख 95 हजार रूपए की चपत लगा दी। पुलिस के मुताबिक कीर्ति जैन 23 वर्ष निवासी काल भैरव मंदिर बाजनामठ कल्पना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पूर्णआयु चिकित्सालय दयोदया तिलवारा में बी.एम.एस. में तृतीय वर्ष की पढाई कर रही है। नौकरी देने के नाम पर टेलीग्राम में एक टास्क देकर उससे कम्पलीट करवाया गया और बदले में उसे 5,000 रूपये ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके खाते में उक्त राशि क्रेडिट हुई थी, इसके बाद उसके द्वारा 25000, 25000, 25,000, 25000 रूपये करके कुल 1 लाख रूपये ट्रांसफर कर दिये थे उसके साथ किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,95,000 रूपये की ठग लिए । खाते में राशि क्रेडिट नहीं की गई।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57